स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर युद्व स्तर पर कार्यवाही जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छ सर्वेक्षण मे संपूर्ण घटको को लेकर कार्यवाही जारी है। इस संबंध में आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी अधिकारी कर्मचारियो की बैठक लेकर सभी के दायित्वो को निर्धारित कर दिया है। उसी के अनुरूप वृहद रूप से कार्यवाही की जा रही है। निगम के जोन आयुक्त, अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अपने दायित्वो के अनुसार फिल्ड में जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के अनुरूप किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। जो भी सुधार है, उसे पूरा करवा रहे है। इसी के तारतम्य में सभी जोन के प्रमुख मार्केट मे जाकर सिंगलयूज प्लास्टिक, सड़क एवं नालियो में गंदगी फैलाने वाले, सड़े गले फल–फ्रूट, जूस, खादय पदार्थ बेचने वालो पर वृहद रूप से कार्यवाही करते हुए सामग्री जप्त कर रहे है। चालानी कार्यवाही करते हुए 96000 हजार से अधिक अर्थदण्ड वसूला गया। नाला, नालियो की सफाई, जी.व्ही.पी. प्वांइट को व्यवस्थित करना, सुलभ शौचालय में सुविधाओ को बढ़ाना, अनावश्यक रूप से कहीं पर भी कचरा संग्रहण पाये जाने पर उसको साफ–सफाई कर उस जगह पर पेवर ब्लाक लगाना, पेंटिग करना एवं सौदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। सभी प्रकार के कार्यवाही का प्रतिदिन की रिपोर्ट आयुक्त को प्रस्तुत किया जा रहा है। किये जा रहे कार्यो की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह ली जा रही है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सब सहयोग करे। नगर निगम भिलाई अपने सीमित संसाधनो से सभी प्रकार का प्रयास कर रहा है। बिना सब के प्रयास से हम सब भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी नहीं बना सकते। इंदौर शहर अग्रणी बना है तो इसके पिछे स्थानीय निवासियो का भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमारे भिलाई की बसावट के अनुसार हम सब मिलकर इसको सर्व सुविधा युक्त स्वच्छ साफ–सुथरा शहर बना सकते है।